**Regarding short supply of electricity to farmers in Alirajpur, Jhabua and Ratlam districts**

**श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान (रतलाम) :** सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर जिले में किसान भाई गेहूँ, चना आदि फसलों की बुवाई कर रहे हैं, मगर उन्हें बिजली की समस्या हो रही है । वहां पुराने तार हैं, जो बार-बार टूट जाते हैं । एक साथ ज्यादा पानी की मोटर्स चालू करने से कई ट्रांसफॉर्मर्स जल जाते हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि वहां नए ट्रांसफॉर्मर्स लगवाए जाएं, ग्रिड लगवाए जाएं और फिर से सर्वे कराकर नई तारें डाली जाएं, ताकि किसान भाई बिजली के लिए परेशान न हों ।

**माननीय सभापति:** आपके यहां एक आर.डी.एस.एस. स्कीम चल रही होगी । उस स्कीम में ट्रांसफॉर्मर्स बदलने के लिए, इन्सुलेटर्स बदलने जैसी सारी व्यवस्था भारत सरकार ने की है । उसके लिए आप अपने यहां ?दिशा? की मीटिंग कर लें, तो यह काम जरूर हो जाएगा ।